

### एक नजर में

## शहर भ्रमण पर निकले नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव, महाआरती के साथ हुई शाही सवारी की शुरूआत



**नीमच।** श्रावण माह के चौथे सोमवार को नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए शहर भ्रमण पर निकले। श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी की शुरूआत शाम 4 बजे किलेश्वर मंदिर परिसर में आरती के साथ हुई। शाही सवारी की तैयारियों को लेकर पिछले कई दिनों से श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जोर-शोर से तैयारियाँ चल रही थी। इस आयोजन के प्रमुख संयोजक युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा के नेतृत्व में भव्य सवारी के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था।

पूरे सावन माह में श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है। प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, भजन-संध्या और अभिषेक जैसे आयोजनों की श्रृंखला जारी है। मंदिर परिसर को विद्युत साज-सज्जा से आकर्षक रूप में सजाया गया है। 24 जुलाई हरियाली अमावस्या के दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 27 जुलाई को सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ। आज 4 अगस्त सोमवार को भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

समाजसेवी अरूल अरोरा ने बताया कि श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी में भगवान भोलेनाथ राजसी रथ में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक झांकियाँ और धार्मिक प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहे। इस बार झांस डमरू पार्टी, विशाल नंदी, राधाकृष्ण, बाहुबली हनुमान, अघोरी, नर मुंड के साथ भोलेनाथ, आदिवासी लोक नृत्य, विद्धुत चलित झांकिया और भव्य आतिशबाजी शाही सवारी प्रमुख रूप से आकर्षण का केंद्र बनी। शाही सवारी का जगह-जगह स्वागत हो रहा है।

## युवा संगठन का एक दिवसीय दौरा संपन्न

**मंदसौर।** अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का एक दिवसीय दौरा 3 अगस्त को मंदसौर में आयोजित महासभा की बैठक के निर्णयों की जानकारी देने के उद्देश्य से विभिन्न नगरों में सम्पन्न हुआ। दौरे के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, तथा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया ने संयुक्त रूप से नगर अध्यक्षों को निर्णयों की प्रतिलिपियां सौंपी और विस्तृत जानकारी दी। दौरा भानपुरा, गरोठ, बाबुल्दा, मेलखेड़ा, सुवासरा, खेजड़िया और सीतामऊ में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर अध्यक्षों से आग्रह किया गया कि वे अपने नगर में आवश्यक बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करें और उसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय कार्यालय को भेजें।

यदि समाज का कोई व्यक्ति अपनी संतान का विवाह अन्य समाज में करता है, तो वह सामूहिक विवाह सम्मेलन से वंचित रहेगा। यदि कोई लड़की भागकर विवाह करती है, तो उसके परिवार को गोरनिया (समाज में सूचना सार्वजनिक करना) करनी होगी।

इसके साथ ही महासभा और युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितम्बर को नीमच के दशहरा मैदान टाउन हॉल में विधवा, विधुर, तलाकशुदा एवं 40 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए समाज के नगर अध्यक्षों को बायोडाटा आमंत्रित करने और सूचना प्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आम नागरिक पीएमएवाई 2 .0 ब्याज सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करें : कलेक्टर

- वार्षिक आय 3 लाख, 6 लाख, 9 लाख तक आय वाले उक्ति उठा सकेंगे योजना का लाभ
- अगर आप भी पक्का मकान चाहते हैं, तो तुरंत नजदीकी बैंक से करें संपर्क
- कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंकों के साथ विशेष समीक्षा बैठक संपन्न



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में बैंकों के साथ विशेष समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकों को पीएमएवाई 2.0 ब्याज सब्सिडी योजना के बारे में विस्तार से बताया।** पीएमएवाई 2.0 ब्याज सब्सिडी योजना पात्र लाभार्थियों को वित्तीय लाभ प्रदान करती है, जिससे घर खरीदना अधिक किफायती हो जाता है।

> पाँच वर्ष से अधिक की ऋण अवधि वाले पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 1.80 लाख की ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस घटक के अंतर्गत घरों का अधिकतम कारपेट एरिया 120 वर्ग मीटर तक होगा। पात्र लाभार्थियों के ऋण खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से पाँच वर्षीय किश्तों में सब्सिडी जारी की जाएगी, बशर्ते सब्सिडी जारी होने के समय ऋण चालू हो और 50त्न से अधिक मूलधन बकाया हो।

बैठक के दौरान संजय कुमार मोदी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मंदसौर, गरिमा पाटीदार, सभी बैंकर्स मौजूद थे। पीएमएवाई 2.0 ब्याज सब्सिडी योजना अंतर्गत, ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/एमआईज ी श्रेणी के पात्र लाभार्थियों को मकान खरीदने/पुनर्खरीद करने/निर्माण के लिए 1 सितंबर 2024 या उसके बाद स्वीकृत और वितरित आवास ऋणों पर सब्सिडी प्रदान की जाती है।

## फरार ईनामी आरोपी शाहरुख मेवाती पर न्यायालय उद्घोषणा की अवहेलना पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** थाना वाय.डी. नगर पुलिस ने फरार ईनामी आरोपी शाहरुख पिता अफजल मेवाती, निवासी मदारपुरा मंदसौर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण (अपराध क्रमांक 31/2025) में वांछित था, जिस पर 5000 का ईनाम घोषित था। न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट तथा उद्घोषणा आदेश जारी किए जाने के बावजूद आरोपी पेश नहीं हुआ। उद्घोषणा आदेश का समाचार पत्रों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रकाशन व चस्पा भी किया गया, फिर भी आरोपी फरार बना रहा।

## इंजन से निकला धुआं, यात्रियों में मचा हड़कंप

**पिपलियामण्डी।** बुधवार सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भीलवाड़ा से रतलाम जा रही एक पैसेंजर डेमो ट्रेन के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब ट्रेन स्टेशन के पास पहुंची ही थी, उसी दौरान उसके दूसरे इंजन से तेज धुआं उठता देखा गया।

धुआं निकलने के बाद इंजन चालक ने उसे स्टेशन पर ही रोके रखा। कुछ यात्री खिड़कियों से झांकते दिखे तो कई ने सुरक्षा की दृष्टि से नीचे उतरकर पटरियों के किनारे खड़े रहना बेहतर समझा। स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई। रेलवे विभाग के तकनीकी कर्मचारी व इंजन चालक ने तुरंत इंजन को बंद कर जांच की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह एक तकनीकी खामी थी जिससे धुआं उठा था। जिसे सही कर दिया गया। गनीमत रही कि आग जैसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और कर्मचारियों की तत्परता से मामले को नियंत्रित कर लिया गया।

करीब 16 मिनट तक ट्रेन को खड़ा रखा गया, जिसके बाद जैसे ही तकनीकी समस्या का समाधान हुआ, ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तब जाकर घटना से डरे-सहमे यात्रियों ने राहत की सांस ली और रेलवे कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।




## गरोठ में तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

- भव्य आयोजन हेतु महिला, युवा और सामाजिक संगठनों से संपर्क का आह्वान

नवभारत न्यूज

**गरोठ। आगामी 14 अगस्त को गरोठ में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा मंडल कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष गौकूलसिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश पाटीदार, पूर्व अध्यक्ष राजेश चौधरी व नगर परिषद उपाध्यक्ष महेश मालवीय सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

बैठक में तय किया गया कि हर बूथ पर बैठकें आयोजित कर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला मोर्चा द्वारा समाज प्रमुखों से संपर्क किया जाएगा। युवाओं से %हर घर तिरंगा% अभियान में जुड़ने और तिरंगा लगाकर सेल्फी अपलोड करने का आग्रह किया गया।

शहीद स्मारकों पर दीप जलाने, पूर्व सैनिकों का सम्मान करने और सामाजिक संगठनों से जुड़कर यात्रा को सफल बनाने पर भी चर्चा हुई। सभी ने मिलकर यात्रा को भव्य और यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए 11 तक करें आवेदन

**मंदसौर। देव स्थान शाखा प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अन्तर्गत मथुरा वृन्दावन की यात्रा हेतु 11 अगस्त 2025 तक आवेदन करें। आवेदन सभी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, नगर पालिका एवं नगर परिषद में आवेदन दे सकते है।**

मुख्य मंत्री तीर्थदर्शन योजना के अन्तर्गत मन्दसौर जिले हेतु मथुरा-वृंदावन की यात्रा 21 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025तक की यात्रा है। शासन द्वारा मथुरा-वृंदावन यात्रा हेतु मंदसौर जिले के जिले के लिए कुल 250 सीटें उपलब्ध है। जिनमें मथुरा-वृंदावन यात्रा हेतु मंदसौर के लिए 45 सीट, दलोदा के लिए 30 सीट, सितामऊ के लिए 30 सीट, सुवासरा के लिए 30 सीट, शामगढ़ के लिए 25 सीट, गरोठ के लिए 30 सीट, भानपुरा के लिए 25 सीट, मल्हारगढ़ के लिए 35 सीट उपलब्ध है।

मंदसौर जिले के वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता नहीं है। एवं पूर्व में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का लाभ लिया न हो वह मुख्य मंत्री तीर्थदर्शन योजना के अन्तर्गत मथुरा वृन्दावन की यात्रा हेतु आवेदन करें।

अधिक जानकारी के लिए धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एवं नियमों को विभागीय बेवसाईट 222.*dharmasva.mp.gov .in ÂÚU* देख सकते है।

**एक नजर** — वरिष्ठ नेताओं ने की सहभागिता, स्वदेशी सामग्री उपयोग का लिया संकल्प

## हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर मंदसौर जिले के मंडलों में भाजपा की बैठकें

**मंदसौर। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के शेष 7 मंडलों में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर बैठकें आयोजित की गई।**




इन बैठकों में पूर्व विधायक सिसोदिया, अनिल कियावत, मुकेश काला, मानसिंह माछौपुरीया, धीरज पाटीदार, मनुप्रिया यादव, नरेंद्र पाटीदार, अजय तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठकों में पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। मंडलवार जिम्मेदारियां तय करते हुए तय किया गया कि प्रत्येक बूथ पर संपर्क अभियान चलाकर 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

उत्तर मंडल की बैठक में अनिल कियावत ने कहा कि तिरंगा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, वह शहीदों का सम्मान और आज़ादी की पहचान है। तिरंगा यात्रा से देशभक्ति की भावना और अधिक प्रज्वलित होगी।

> सभी मंडलों की बैठकों में कार्यकर्ताओं से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प भी लिया गया। इन बैठकों में सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीमच

### एक नजर में

## रक्षाबंधन से पहले नारियल और किशमिश के दामों में आया उछाल

**नीमच।** रक्षा बंधन का पर्व करीब आने के साथ ही बाजार में नारियल और किशमिश के दाम बेकाबू हो रहे हैं। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहारों से पहले तेजी से बढ़े इनके दामों ने आमजन की जेब पर असर डालना शुरू कर दिया है। व्यापारियों के अनुसार गत अप्रेल तक थोक में नारियल की बोरी करीब 2100 रुपए में मिलती थी। यह अब बढ़कर 3500 रुपए हो गई। इसी तरह थोक में सूखा गोला बढ़कर 380 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया। फुटकर बाजार में गोला 400 से 500 रुपए किलो तक बिक रहा जबकि एक नारियल की कीमत 35 से 40 रुपए तक जा पहुंची है। पूजा-पाठ में उपयोग होने वाला यह आवश्यक सामान अब मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए भी सोच समझकर खरीदने वाली चीज बन चुका है।

**पैदावार हुई प्रभावित तो बढ़े दाम :** दक्षिण भारत के प्रमुख नारियल उत्पादक राज्यों में नारियल की पैदावार प्रभावित होने से इसका सीधा असर नारियल से जुड़े सभी उत्पादों खोपरा, बुरादा और नारियल फल के भावों में तेजी के रूप में सामने आया है। वहीं उत्तर भारत में सूखा नारियल व खोपरे का बुरादा मिठाई और पूजा सामग्री के रूप में बिकता है। बरसात के मौसम में नारियल की आमद बढ़ने की उम्मीद रहती है। इस बार उत्पादन कम होने से मांग के अनुपात में आपूर्ति घटी है। खोपरे से बनने वाली मिठाइयों जैसे लड्डू, बर्फी व अन्य पारंपरिक उत्पादों की लागत में भारी बढ़ोतरी हो रही है। इससे मिठाइयों की कीमतों में इजाफा हो रहा है।

**पूजा की थाली में जरूरी :** राखी के अवसर पर पूजा की थाली में नारियल को जरूरी माना जाता है। बहनें भाई की आरती में नारियल जरूर रखती हैं, लेकिन इस बार महंगाई ने उन्हें भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। ग्राहकों का कहना है कि इस बार पूजा की सामग्री तक महंगी हो गई है। व्यापारी डीएस अग्रवाल ने बताया कि पहले जो किशमिश 300 रुपए प्रति किलो थी, वह अब 500 से 550 रुपए तक बिक रही है। अच्छी क्वालिटी की किशमिश 600 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुकी है। इस बार दक्षिण भारत से नारियल की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाई। ऊपर से बारिश और ट्रांसपोर्ट खर्चों में इजाफे ने थोक कीमतें दोगुनी कर दी है।

## 15 या 16 अगस्त, कब मनाई जाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी जानें सही तारीख और शुभ मुहूर्त

**नीमच।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तिथि को लेकर इस बार लोगों में भ्रम की स्थिति है। वजह अष्टमी तिथि का 15 अगस्त की रात 11 .49 बजे शुरू होना और 16 अगस्त की रात 9 .34 बजे समाप्त होना है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तिथि को लेकर इस बार लोगों में भ्रम की स्थिति है। वजह अष्टमी तिथि का 15 अगस्त की रात 11 .49 बजे शुरू होना और 16 अगस्त की रात 9 .34 बजे समाप्त होना है। धर्मशास्त्र व विद्वानों का कहना है, उदयकालीन अष्टमी तिथि ही मान्य होती है, इसलिए जन्माष्टमी का व्रत और उत्सव 16 अगस्त शनिवार को मनाना ही शास्त्रसम्मत है। पंडित राजेंद्र शर्मा ने बताया, 15 अगस्त को उदयकाल में सप्तमी तिथि रहेगी। अष्टमी रात 11 .49 बजे शुरू होगी। इसलिए इस दिन व्रत नहीं रखना चाहिए। शास्त्रों में सप्तमी-अष्टमी का त्याग करने के निर्देश हैं। ऐसे में 16 को अष्टमी के पूर्ण उदयकालीन योग में व्रत, पूजन मनाना श्रेष्ठ है।

**भ्रम में न रहें :** 16 अगस्त को मनाई जाएगी। पं. राजेंद्र शर्मा ने बताया नीमच सिटी सांवलिया जी मंदिर में दिनभर कीर्तन, भजन, झांकी, रासलीला, विशेष आरती और देर रात दर्शन होंगे। 16 अगस्त को ही पर्व मनाया जाएगा।

**पूजन मुहूर्त और चंद्रोदय का समय :** अष्टमी तिथि- 15 अगस्त, रात 11 .49 से 16 अगस्त, रात 9 .34 तक, श्रीकृष्ण जन्म पूजन मुहूर्त 16 अगस्त, रात 12 .04 से 12 .47 बजे तक, चंद्रोदय काल- 11 .32 बजे रात्रि

## फुटबॉल में सिटी स्पोर्ट्स व एनएफए विजयी

नवभारत न्यूज

**नीमच। नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से दशहरा मैदान परआयोजित स्वतंत्रता दिवस फुटबाल स्पर्धा के पांचवे दिन 06 अगस्त को दो रोमांचक मैच खेले गए! प्रथम मैच सिटी यूनियन व सिटी स्पोर्ट्स के बीच खेला गया जिसमें सिटी स्पोर्ट्स ने 5-0 से विजयी होकर अगले दौर प्रवेश किया!** इसी प्रकार दूसरा मैच एनफए व नीमच सिटी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया! इस मैच में एनफए ने 1-0 विजयी होकर अगले दौर में प्रवेश किया।



उपरोक्त जानकारी देते हुए डीएफए मैनेजर शंकर रामवाणी ने बताया कि प्रथम मैच में अतिथि के रूप में वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी प्रहलाद अहीर,रमेश थापा, राजू सैनी, सलीम बाबा,कुशल बोथरा, प्रेम कुमार कलोसिया, नंदू परदेसी, श्री राम प्रसाद शर्मा, श्री कोमल सिंह चौहान आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कीया!

इसी प्रकार दूसरे मैच में समाजसेवी संतोष चोपड़ा के साथ अतिथि के रूप में पोरवाल समाज के अध्यक्ष श्र्शांतिलाल गुप्ता, सैनी समाज के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, श्री रमेश सैनी व सेंट फ्रांसिस स्कूल की सिस्टर लिट्री, सिस्टरअल्फी व सिस्टर अंजलि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में निर्णायक के रूप में मोहम्मद हमिद, मोहम्मद रईस, राजेश निर्माण, शंकर रामवाणी, मोहम्मद फरीद, रफीकहाशमी, राजू वोरा, मोहम्मद रईस व पृथ्वी सिंह सोलंकी ने अपनी सेवाएं प्रदान की! इस दौरान नपा पार्षद रामचंद्र धनगर, आलोक सोनी, हुसैन कारपेंटर, कालू चोपड़ा,डीएफए पदाधिकारी अनिल सुराह, श्री राकेश अहीर विमलेश अहीर थे।

> **फुटबाल स्पर्धा में आज दो मुकाबले**
>
> जिला फुटबाल संघ के सहयोग से दशहरा मैदान पर 2 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित स्वतंत्रता दिवस फुटबाल स्पर्धा के अंतर्गत आज 07अगस्त को दो मैच खेले जाएंगे! प्रथम मैच दोपहर 1 बजे यंग स्टार व हीरोज फुटबॉल क्लब के बीच तथा दूसरा मैच दोपहर 3-00 बजे ग्वालटोली व एनएफए के बीच खेला जावेगा।

## ऋणी एवं अऋणी किसान करवाए अपनी फसलों का बीमा

**नीमच।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए अऋणी किसानों के लिए 14 अगस्त 2025 एवं ऋणी किसानों के फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन कृषकों ने बैंको से के.सीसी.लिया है, उनका बीमा बैंक द्वारा किया जा रहा है। किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है, तो वह कृषक बैंक में संपर्क कर फसल बीमा करा सकते हैं।

अऋणी कृषक ऐसे करवाए फसल बीमा- अऋणी व जिन कृषकों का फसल बीमा छूट गया है वह कृषक अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक और जन सेवा केंद्र (सीएससी), एमपी ऑनलाईन पर जाकर फसल बीमा कराए। ।फसल बीमा कराने के लिए आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से जुड़े हुआ), जमीन सिकमी (बटाई पर) होने पर इसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र (स्व प्रमाणित), पटवारी या (पंचायत सचिव से प्राप्त) होना जरूरी हैं।



## तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

- नीमच में 17 अधिकारियों ने छोड़े वॉट्सऐप ग्रुप, डिजिटल हस्ताक्षर देने से भी किया इनकार



नवभारत न्यूज

**नीमच। मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संगठन के आह्वान पर नीमच जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले के 17 प्रशासनिक अधिकारी आज से काम बंद कर कलेक्टर कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।**

इस हड़ताल के कारण जिले की 15 राजस्व अदालतें प्रभावित हुई हैं। सभी कामकाज ठप हो गए हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने अपनी एकता और मांगों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है।

अधिकारियों ने अपने डिजिटल हस्ताक्षर देने से इनकार कर दिया है। ये हस्ताक्षर राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। इसके अलावा, उन्होंने राजस्व विभाग के सभी वॉट्सऐप ग्रुप छोड़ दिए हैं। अपने वाहनों की चाबियां भी नाजिर को सौंप दी हैं।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में वेतनमान में सुधार शामिल है।

> इस हड़ताल से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य रुक गए हैं। भूमि संबंधी विवाद, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कागजातों का बनना रुक गया है। प्रशासन और हड़ताली अधिकारियों के बीच बातचीत का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है।

**एक नजर** — अस्पताल पहुंचाओ, जीवन बचाओ, सरकार देगी 25 हजार का इनाम

## राहवीर योजना के बारे में ट्रैफिक टीआई ने नीमच स्टेशन पर दी जानकारी

**नीमच। जिले में बुधवार को नीमच रेलवे स्टेशन पर यातायात पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) और रेलवे अधिकारियों की टीम ने मिलकर एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का मकसद था कि स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था सुधारना, चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देना और सबसे जरूरी, राहवीर योजना के बारे में जागरूकता फैलाना।**



यातायात थाना प्रभारी अमित सारस्वत ने मौके पर मौजूद चालकों को बताया कि 'राहवीर योजना' मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जो केंद्र सरकार की पहल पर आधारित है। इस योजना के तहत अगर कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 25,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि सड़क हादसों के बाद घायल लोगों को समय पर इलाज मिल सके। अक्सर लोग पुलिस या कानूनी झंझटों के डर से घायलों की मदद नहीं करते।राहवीर योजना ऐसे नेक दिल लोगों को प्रोत्साहित करने की कोशिश है, जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता के नाते मदद करते हैं।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस और अधिकारियों ने स्टेशन पर मौजूद ऑटो चालकों, टैक्सी चालकों और यात्रियों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। ऑटो यूनियन के अध्यक्षों से खास चर्चा कर उन्हें जिम्मेदारी समझाई गई कि वे अपने ड्राइवरों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया और अनियमित खड़े वाहनों को हटाया गया। सभी चालकों से अपील की गई कि वे हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं ।

## सबसे बड़ी सब्जी मंडी में अव्यवस्था का आलम...!

नवभारत न्यूज

**नीमच। शहर की सबसे बड़ी सब्जी मंडी में अव्यवस्था का आलम है। मंडी में सफाई की कमी, आवारा पशुओं का जमावड़ा, और व्यापारियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं न होने जैसी समस्याएं हैं।** इसके कारण, विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों को परेशानी हो रही है। सब्जी मंडी ऐसी जगह हैं जहां हर खासो-आम को जाना होता है। लेकिन शहर की सब्जी मंडियों की हालत ऐसी है, कि वहां हो रहे गंदगी से दुकानदारों से लेकर खरीदार तक परेशान है। बारिश के दिनों में सब्जी मंडी में अव्यवस्था फैली है । बारिश होने की स्थिति में सब्जी मंडी परिसर गंदगी से घिर जाता हैं। इस गंदगी से न सब्जियां सुरक्षित रह पा रही हैं, नहीं खरीदार और ग्राहक।नीमच शहर की मुख्य सब्जी मंडी जहां आधे से ज्यादा शहर की आबादी सब्जी खरीदने आती है। सब्जी मंडी से नगर पालिका को हर रोज हजारों रुपये की आमदनी होती है।